राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति ने सभी कुलपतियों को शिक्षकों के वेतन के नियमित भुगतान एवं अन्य व्ययों हेतु कारगर व्यवस्था बहाल करने को कहा

पटना, 29 अप्रैल 2020

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री फागू चौहान ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को शिक्षकों के वेतन के नियमित भुगतान एवं अन्य व्ययों हेतु विश्वविद्यालयों में कारगर व्यवस्था शीघ्र बहाल करने के लिए निदेशित किया है।

राज्यपाल–सह–कुलाधिपति ने अपने निदेश में कहा है कि विश्वविद्यालयों में सभी शिक्षकों एवं कर्मियों के वेतन–भुगतान तथा अन्य व्ययों हेतु आवश्यक व्यवस्था अनिवार्यतः यथाशीघ्र सुनिश्चित की जाये तथा शिक्षा–विभाग को तत्सम्बन्धी व्यय–विवरणी एवं उपयोगिता प्रमाण–पत्र भी ससमय भेजे जायें ताकि आगामी आबंटन संचारित होने में कोई असुविधा नहीं हो। राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मियों के वेतन के नियमित भुगतान एवं अन्य व्ययों हेतु दिए गए उपर्युक्त निदेश को तत्परतापूर्वक कार्यान्वित करने को कहा है।

....